# प्रस्ताव के बारे में विवरण एवं प्रस्ताव की औचित्य एवं आवश्यकता

**परियोजना का नामः— जनपद अल्मोड़ा के विधानसभा क्षेत्र सोमेश्वर के अन्तर्गत निरई मोटर मार्ग के किमी0 1.80 से औलिया गांव लछ्मपुर व सूपाकोट तक मोटर मार्ग का नव निर्माण। (लम्बाई 3.200 किमी०)**

उक्त प्रस्तावित मोटर मार्ग ग्रामीण निर्माण विभाग द्वारा निर्मित निरई मोटर मार्ग के किमी0 1.800 से प्रारम्भ होकर औलिया गांव लछ्मपुर होते हुए ग्राम सूपाकोट को जोड़ता है। उक्त मोटर मार्ग की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति शा0सं0—2280/III (2)/19—26 (प्रा0आ0)/2015 दिनांक 25.06.2019 द्वारा ल0 3.00 किमी0 व रू0 21.32 लाख की प्रथम चरण हेतु प्राप्त है, परन्तु 3.00 किमी0 लम्बाई में ग्राम सूपाकोट मोटर मार्ग से नहीं जुड़ रहा था। जिस कारण ग्राम सूपाकोट को जोडने हेतु मार्ग की लम्बाई बढ़ाने की आवश्यकता पड़ी। अतः सर्वेक्षण के उपरान्त मार्ग की वास्तविक लम्बाई 3.200 किमी0 आती है।

प्रस्तावित मोटर मार्ग के निर्माण होने से निम्नलिखित ग्रामों की जनसंख्या भी लाभान्वित होगी।

| क0सं0 | ग्राम का नाम | लाभान्वित होने वाली जनसंख्या |
|---|---|---|
| 1 | निरई | 499 |
| 2 | लछ्मपुर | 222 |
| 3 | औलिया गांव | 42 |
| 4 | सिमखोला | 220 |
| 5 | सूपाकोट | 152 |
| योग | | **1135** |

उक्त क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अनाज, सब्जी फल आदि का उत्पादन होता है, परन्तु सड़क न होने से स्थानीय जनता का विपर्णन का कार्य नहीं हो पाता है। इसके अतिरिक्त अल्मोड़ा जिला पर्यटन की दृष्टि से भी अग्रणीय है। सड़क बनने से इस क्षेत्र में पर्यटन की भी सम्भावनाऐं हैं। सड़क की व्यवस्था न होने के कारण ग्रामीण जनता को यातायात की सुविधा नहीं मिल पा रही है। उत्तराखण्ड शासन द्वारा उक्त ग्रामों को जोड़ने हेतु मोटर मार्ग स्वीकृत किया गया है।

उक्त मार्ग की प्रस्तावित लम्बाई 3.200 किमी0 है मार्ग की चौड़ाई 9.00 मीटर ली गई है। मार्ग के निर्माण में वन पंचायत भूमि 0.018 है0 तथा नाप भूमि 2.862 है0 प्रभावित होती है। अन्य किसी श्रेणी की भूमि प्रभावित नहीं होती है। स्थल चयन के अन्तर्गत कोई मकान, मस्जिद, कब्रिस्तान का भाग नही पड़ता है। इस मोटर मार्ग का भूगर्भीय सर्वेक्षण कर लिया गया हैं जो कि उचित पाया गया। मोटर मार्ग का समरेखन अधीक्षण अभियन्ता से स्वीकृत है। कुल 1135 जनसंख्या इस मोटर मार्ग के निर्माण से लाभान्वित होती है। सड़क बनने से निश्चित रूप से क्षेत्र का विकास होगा। रोजगार के अवसर बनेंगे। स्थानीय कृषक अपने उत्पादों को बाजार में ला सकेगें, जिससे उन्हें अपने उत्पादों का उचित मूल्य मिलेगा तथा उक्त क्षेत्र में सामाजिक एवं आर्थिक दृष्टि से भी बीमार/अस्वस्थ्य व्यक्तियों को मुख्य मार्ग तक लाने में अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है, सड़क निर्माण होने से उक्त समस्या का निदान होगा। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य संबन्धित सुविधाओं का विकास होगा एवं ग्रामवासियों का पलायन भी रूकेगा। इस दृष्टि से उक्त मोटर मार्ग का निर्माण आवश्यकीय है। इसी उद्देश्य से वनभूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव गठित कर प्रस्तुत किये गये हैं।

सहायक अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0विभाग
अल्मोड़ा

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड लो0नि0विभाग
अल्मोड़ा